यूकेडी कार्यकर्ता कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस हिरासत में छात्र की मौत पर दुख व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र सितारगंज, जनपद ऊधमसिंह नगर में पुलिस हिरासत में स्कूल के छात्र धीरज सिंह राणा पुत्र विजेन्द्र सिंह राणा की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतक के पिता विजेन्द्र सिंह राणा को मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल 02 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### हिरासत में युवक की मौत प्रकरण में चौकी प्रभारी सहित पांच निलंबित

**संवाददाता** देहरादून। जनपद उधमसिंहनगर में सितारगंज के सिडकुल पुलिस चौकी में पुलिस हिरासत में पिछले दिनों हुई एक युवक की मौत के मामले में पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। उधमसिंह नगर के पुलिस कप्तान बरिंदरजीत सिंह ने शुक्रवार को सिडकुल चौकी प्रभारी सहित कुल पांच पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### आपदा की घटनाओं को योजनाबद्ध तरीके से निस्तारित करने को लेकर बैठक आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। आपदा बिन बुलाये मेहमान की तरह होती है और जो कभी भी आ सकती है। आपदाओं की घटनाओं को योजनाबद्ध तरीके से निस्तारित किये जाने के लिए आज यहां जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में आईआरएस की बैठक सम्पन्न हुई। आईआरएस के समन्वयक बीबी गणनायक ने अवगत कराया कि इस प्रणाली के क्रियान्वयन में 39 अधिकारियों को विभिन्न यूनिटों का प्रभारी बनाया गया है, जिनके द्वारा घटना की त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

# परियोजना के क्रियान्वयन की लगातार मॉनिटरिंग की जाए

**बैठक**

विकासकर्ताओं का लगातार उत्साहवर्धन करने के दिए निर्देश

कुल 208 आवेदकों के प्रस्तावों को प्रदान किया गया अनुमोदन

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड सौर ऊर्जा नीति–2013 के अन्तर्गत 200 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आमंत्रित प्रस्तावों हेतु 'परियोजना अनुमोदन समिति' की बैठक संपन्न हुई। इसके अन्तर्गत उत्तराखण्ड के स्थायी निवासियों के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कुल 208 आवेदकों के प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। इन आवेदकों द्वारा आगामी 30 जून, 2020 तक कुल 148.85 मे0वा0 क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाऐं स्थापित करायी जायेंगी।



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस परियोजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी न की जाए। इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। सभी कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण कर लिए जाएं।

उन्होंने कहा कि चयनित विकासकर्ताओं को अधिकारियों द्वारा हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जाए, साथ ही, चयनित विकासकर्ताओं को यूपीसीएल की ग्रिड लाइन से जोडे जाने के लिये समयबद्ध रूप से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को इन परियोजनाओं की स्थापना हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने तथा समय–समय पर इनकी प्रगति की समीक्षा किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को विकासकर्ताओं का लगातार उत्साहवर्धन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित करने के लिये की गयी इस पहल पर यहाँ के स्थायी निवासियों द्वारा उत्साहवर्धक प्रतिभाग करने से पर्वतीय क्षेत्रों में इस प्रकार की छोटी–छोटी इकाइयां स्थापित हो सकेंगी तथा राज्य को स्वच्छ ऊर्जा की भी प्राप्ति हो सकेगी।

बैठक में बताया गया कि उरेडा द्वारा इन परियोजनाओं की स्थापना के लिये माह फरवरी, 2019 में ई–निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे जिसके सापेक्ष 30 अप्रैल, 2019 (निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि) तक कुल 237 ऑनलाइन प्रस्ताव प्राप्त हुये जिनको 'तकनीकी मूल्यांकन समिति' द्वारा निर्धारित मानकोंध्शर्तो के अनुसार परीक्षण किया गया। इसके उपरान्त सभी प्राप्त प्रस्तावों में से तकनीकी अर्हता पूर्ण करने वाले 208 प्रस्तावों को सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण तथा प्रस्तावित परियोजनाओं के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित होने के सम्बन्ध में सत्यापन कराया गया है।

### मीडिया में शिकायत करने के बजाय सीधे आलाकमान से क्यों नहीं करते शिकायत

**संवाददाता** देहरादून। श्रीनगर और बाजपुर में कांग्रेस की जीत के बाद प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के तेवर तीखे हैं। प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बीजेपी को हरा सकती है, लेकिन पहले कांग्रेस के नेता सुधर जाएं। इस मामले में प्रीतम सिंह ने पार्टी के अंदर अपने विरोधियों को बड़ी सलाह दी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध सबका होता है। लेकिन जो लोग उनका विरोध करते हैं वो मीडिया और सोशल मीडिया में शिकायत करने के बजाय दिल्ली में राहुल गांधी से उनकी शिकायत करें। प्रीतम सिंह का कहना है कि जितनी ताकत हम आपस में लड़ने में लगा रहे हैं। अगर इतनी ताकत से बीजेपी के खिलाफ लड़ें तो बीजेपी कहीं टिकती नहीं है। हालांकि यह सब कहने के दौरान प्रीतम सिंह ने किसी का नाम तो नहीं लिया, पर उनके निशाने पर हरीश रावत गुट के नेता हैं। बता दें कि हाल में गोविंद सिंह कुंजवाल ने उन्हें नैतिकता के आधार पर प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की सलाह दी थी। हाल ही में राज्यमंत्री व श्रीनगर विधायक धनसिंह रावत की प्रतिष्ठा से जुड़ी श्रीनगर नगर पालिका सीट पर कांग्रेस ने भाजपा को हराया।

### नौवटी रिसोर्ट का उद्घाटन किया

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी से मात्र आठ किलोमीटर की दूरी पर सोडा सिरोली मार्ग रायपुर रोड पर नौवटी रिसोर्ट का उद्घाटन पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष रविंद्र सिंह आनंद एवं ओएसडी धीरेंद्र सिंह पंवार ने किया। इस अवसर पर राजधानी के कुछ म्यूजिक बैंड ने भी अपनी प्रस्तुतियां दे कर समा बांध दिया। इस अवसर पर रिसोर्ट के मालिक अनिल मैखुरी जो कि पेशे से एक वकील है ने बताया कि रिसोर्ट का नाम नौवटी है जबकि रेस्टोरेंट का नाम सौबत्ती रख गया है। नौवटी गढ़वाल के वाद्ययंत्रों से लिया गया नाम है। यह वाद्ययंत्र मेहमानों के स्वागत के लिए बजाया जा था। उन्होंने बताया कि यह रिसोर्ट शहर से ज्यादा दूर न होते हुए भी प्रकृति के बहुत नजदीक है सभी कमरों में बोर्नफायर की सुविधा के साथ ही अन्य सुविधाओं से भी लैंस है।

# कार्यकर्ताओं ने फूंका विधायक कुंवर प्रणव सिंह का पुतला

**मांग**

■ विधायक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने तथा विधायिका समाप्त करने की मांग



उत्तराखंड नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता विधायक चैंपियन का पुतला फूंकते हुए।

देहरादून। (संवाददाता)

लोकतंत्र, सदन एवं प्रदेश की अस्मिता को तार तार करने वाले भाजपा खानपुर विधायक कुंवर प्रणव सिंह द्वारा किये राज्य विरोधी कुकृत्य के विरोध में प्रदर्शन करते हुये उत्तराखंड नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं द्वारा द्रोणा चौक पर विधायक चैंपियन का पुतला दहन किया गया। प्रदेश सरकार से विधायक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने तथा विधायिका समाप्त करने की मांग की गई।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस कुकृत्य की जितनी निंदा की जाए वो कम है। यह प्रदेश निर्माण के लिए अपनी शहादत देने वाले समस्त शहीदों, प्रदेश का हर आमजनमानस तथा सरहद पर देश की अस्मिता की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले प्रदेश के हर वीर शहीद का अपमान है। जिस व्यक्ति को जनता चुनाव कर अपने अधिकारों के लिए सदन के पटल पर भेजती है, वो सत्ता के अहंकार से इतना ग्रसित है कि आज राज्य को अपमानित करने से भी परहेज नहीं कर रहा। इस तरह कुकृत्य असहनीय है, जिसका विरोध प्रदेश का स्वभिमानी हर आमजनमानस करेगा। कुंवर प्रणव सिंह द्वारा उत्तराखंड के बारे में कही अभद्र ,अश्लील और अमर्यादित बातों से उत्तराखंड का आमजनमानस आक्रोशित है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उठाय कदम अपर्याप्त है तथा संगठन स्तर पर हैं । इस तरह के राज्य विरोधी कार्य के लिए अत्यंत आवश्यक ,की कठोर कानूनी कार्यवाही के साथ साथ उत्तप विधयक की सदस्यता निरस्त की जाय। ताकि भविष्य में इस तरह की अमर्यादित तथा दुर्भग्यपूर्ण घटना की पुर्नवृति ना होने पाए।




### उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने डीएम कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने देवभूमि उत्तराखण्ड को खानपुर विधायक कुँवर प्रणव द्वारा आपत्तिजनक शब्द कहने पर कठोर कार्यवाही करने और गैरसैंण क्षेत्र में सरकार द्वारा भूमि विक्रय पर रोक हटाने तथा गैरसैंण आन्दोलनकारियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने पर शुक्रवार को उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना–प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य शहादतों एवं लंबे संघर्षो से मिला है लेकिन आज उन संघर्षो शहादतों का अपमान खानपुर विधायक कुँवर प्रणव द्वारा किया जा रहा है अतः उत्तराखण्ड क्रान्ति दल मांग करता है कि ऐसे विधायक की विधायिका समाप्त कर राजद्रोह का मुकदमा चलाया जाए। आज गैरसैण को स्थायी राजधानी घोषित करने के लिए समय–समय पर आंदोलन हुए है।

### कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। दून के विकासखंड चकराता के विनसौन में एक दिवसीय बीमा बैंकिग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।